हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 11 अंक : 292 देहरादून, सोमवार, 15 मई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



डीजी एजुकेशन बंशीधर तिवारी ने दो महत्त्वपूर्ण आदेश जारी कर दिया शिक्षकों को कड़ा आदेश 3

# सीएम धामी ने राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन ‘होम्योकॉन- 2023’ का शुभारंभ किया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क









देहरादून, 15 मई : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को दून विश्वविद्यालय, देहरादून में राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन ‘होम्योकॉन- 2023’ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने होम्योपैथिक पर बनी डॉक्यूमेंट्री को लॉच किया। होम्योपैथी के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले चिकित्सकों को मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होम्योपैथी के जन्मदाता सैमुअल क्रिश्चियन हैनिमैन का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने होम्योपैथी के रूप में एक ऐसी उपचार पद्धति विकसित की, जो अत्यंत कारगर होने के साथ साथ किफायती भी थी। उन्होंने कहा कि शरीर ही सारे कर्तव्यों को पूर्ण करने का एकमात्र साधन है। शरीर की रक्षा करना और उसे निरोगी बनाये रखना मनुष्य का सर्वप्रथम कर्तव्य है। यदि मनुष्य निरोगी होगा तो, वह जीवन में सब कुछ कर सकता है। जीवन शैली में तेजी से बदलाव हो रहा है, ऐसे में और भी अधिक आवश्यक हो जाता है कि हम अपने शरीर का जितना हो सके उतना ख्याल रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के अथक प्रयासों के कारण ही आज योग, आयुर्वेद और होम्योपैथी पद्धति समेत तमाम प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धतियां अपना विलुप्त होता वैभव पुनः प्राप्त कर रही हैं। चाहे वो आयुष मंत्रालय का गठन हो या फिर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हो। प्रधानमंत्री जी की दूरदृष्टि के कारण ही आज पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को लोग अपना रहे हैं। भारत में पारम्परिक चिकित्सा प्रणाली को बढावा देने के लिए प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2014 में पृथक से आयुष मंत्रालय का गठन किया था। राज्य सरकार प्रदेश में आयुष चिकित्सा को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा होम्योपैथी को विश्व की दूसरी सबसे बड़ी प्रचलित चिकित्सा पद्धति माना गया है। हम सभी ने कोरोना काल में होम्योपैथी की दवाइयों सहित पारंपरिक चिकित्सा के महत्व को बहुत करीब से देखा है, जिसके बाद होम्योपैथी की विश्वभर में स्वीकार्यता बड़ी है। इन सुखद परिणामों के चलते ही नई स्वास्थ्य नीति में होम्योपैथी को एक प्रमुख चिकित्सा पद्धति के रूप में स्थान मिला है। राज्य सरकार देवभूमि को एक महत्वपूर्ण आयुष प्रदेश के रूप में स्थापित करने हेतु कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे विषम भौगोलिक परिस्थिति वाले राज्य में आयुष और विशेष रूप से किफायती और कारगर होने के कारण होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति की महत्ता और बढ़ जाती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस कार्यशाला में होने वाले विचार-विमर्श एवं चिन्तन से होम्योपैथी के विकास में और अधिक गति मिलेगी।

केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि उत्तराखण्ड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य ने होम्योपैथी और आयुष को तेजी से आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी जटिलतम रोगों के निदान का एक कारगर उपाय है। देवभूमि उत्तराखण्ड आयुष की प्रेरक रही है। होम्योपैथी हमारी परंपरागत चिकित्सा पद्धति रही है। होम्योपैथी पर अधिक से अधिक अनुसंधान होने चाहिए। उन्होंने कहा कि आयुष और योग के क्षेत्र में भी भारत की वैश्विक स्तर पर अलग पहचान है। इनको हमें अधिक से अधिक बढ़ावा देना होगा। इस अवसर पर सचिव आयुष एवं आयुष शिक्षा डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, निदेशक होम्योपैथिक डॉ. जे.एल. फिरमाल, डॉ. रामजी सिंह, डॉ. नितीष दुबे, डॉ. जसवंत पाटिल एवं होम्योपैथी से जुड़े चिकित्सक उपस्थित थे।

## 60 बसों से 1998 तीर्थयात्री चार धाम यात्रा पर रवाना हुए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


ऋषिकेश। चारधाम यात्रा के प्रवेशद्वार ऋषिकेश से रविवार को संयुक्त यात्रा रोटेशन व्यवस्था समिति की 60 बसों से करीब 1998 तीर्थयात्री चारधाम यात्रा के लिए रवाना हुए।

रविवार को यात्रा ट्रांजिट एवं पंजीकरण कैंप में सुबह तीर्थयात्रियों की आवाजाही बनी रही। पंजीकरण केंद्र के काउंटर के सामने महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, उत्तरप्रदेश आदि राज्यों से आए तीर्थयात्री पंजीकरण के लिए कतार में खड़े में नजर आए। पंजीकरण के बाद तीर्थयात्रियों के जत्थे बसों में सवार होकर आस्थापथ की ओर बढ़ते रहे।

दोपहर तक बसों की रवानगी जारी रही। संयुक्त यात्रा रोटेशन व्यवस्था समिति के प्रभारी नवीन तिवारी ने बताया कि शनिवार को 46 बसों से 1579 तीर्थयात्री चारधाम, 7 बसों से 222 तीर्थयात्री दो धाम और 197 यात्री सात बसों से एक धाम के लिए रवाना हुए हैं। वहीं, यात्री पंजीकरण एवं ट्रांजिट कैंप में स्थित पंजीकरण केंद्र में रविवार को 980 तीर्थयात्रियों ने शाम 5 बजे तक फोटो पंजीकरण कराया।

## बाबा विश्वनाथ की डोली चारधाम यात्रा के लिये रवाना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



नई टिहरी। बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला की 24 वीं रथ यात्रा देवप्रयाग में गंगा स्नान और रघुनाथ मन्दिर में पूजन के बाद चारधाम यात्रा के लिए रवाना हुई। तीन मई को हरिद्वार से शुरू यात्रा कुमाऊं भ्रमण के बाद रविवार को देवप्रयाग पहुंची। देवप्रयाग में मां जगदीशिला की डोली का आशीर्वाद लेने के लिए संगम पर भारत के विभिन्न राज्यों से पहुंचे तीर्थयात्रियों में होड़ लगी रही। गंगा मैया, रघुनाथ जी के जयकारे और देव निशानों के साथ डोली ने गंगा में स्नान किया। यात्रा संयोजक पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि यात्रा यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ होते बदरीनाथ जाएेगी। तीर्थ यात्रियों का स्वागत करते हुए कहा कि गंगा देवप्रयाग से बनती है। विश्व शांति और उत्तराखंड की देव संस्कृति को पुनर्जीवित करना यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पौराणिक परम्पराओं और संस्कृति को जोडक़र देश भर के लोगों का ध्यान देवभूमि की ओर आकर्षित करना उनका उद्देश्य है। डोली यात्रा रविवार को मलेथा,बगवान, लक्ष्मोली, होते देवप्रयाग पहुंची। डोली यात्रा में 22 सदस्य शामिल थे। यात्रा अध्यक्ष रूप सिंह बजियाला, कुंवर सिंह राणा , हुकुम सिंह, परमवीर पंवार, उत्तम असवाल, त्रिवेंद्र रावत,डॉ. जेपी उनियाल, सुरेंद्र कुमार, अनसूया मिश्रा, माया पंचभैया, शुचिता असवाल , ललिता नैथानी, शशिकांत, विनोद टोडरिया,दिगंबर सिंह, महावीर,सचिन रावत, तोता सिंह, श्यामदास, धनी लाल आदि उपस्थित थे।

# आंखों के नीचे पड़ रही झुर्रियों और डार्क सर्कल को दूर करने के लिए आजमाएं ये उपाय !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 15 मई : चेहरे पर झुर्रियों की शुरुआत अक्सर आंखों के आसपास से होती है. शुरुआत में अगर इस पर ध्यान न दिया जाए तो धीरे धीरे ये आंखों के नीचे बढ़ जाती हैं. ये झुर्रियां ही आपकी उम्र को ज्यादा दिखाती हैं. ऐसे में अगर डार्क सर्कल भी हो जाएं तब तो पूरा चेहरा ही काफी मैच्योर और बड़ा सा दिखता है. चेहरे की रौनक मानो खो सी जाती है.

वैसे तो बाजार में आजकल कई तरह की आई क्रीम आती हैं, जो इन समस्याओं से छुटकारा दिलाने में कारगर हैं. लेकिन कुछ लोगों की स्किन काफी सेंसिटिव होती है और उन्हें बाहरी प्रोडक्ट्स सूट नहीं करते. ऐसे में आप यहां बताए जा रहे कुछ घरेलू उपाय का लाभ उठा सकती हैं. ये आपकी झुर्रियों को कम करने के साथ आपके डार्क सर्कल की समस्या को भी दूर करेंगे.

झुर्रियां चाहे आंखों के नीचे हो या चेहरे पर, बादाम के तेल को इसे दूर करने का कारगर उपाय माना जाता है. रोजाना बादाम के तेल से आंखों के नीचे हल्के हाथों से



मसाज करने से झुर्रियों की समस्या दूर होती है, साथ ही डार्क सर्कल भी खत्म होते हैं. अगर आपके चेहरे पर झुर्रियों की समस्या है तो पूरे चेहरे पर इस तेल से मसाज करें. आप चाहें तो बादाम के तेल में नारियल का तेल मिलाकर भी मसाज कर सकती हैं. इसके भी अच्छे रिजल्ट्स देखने को मिलते हैं. डार्क सर्कल की की समस्या और झुर्रियों को दूर करने के लिए चिरौंजी भी काफी फायदेमंद होती है. इसके लिए चिरौंजी को पीसकर दूध में मिक्स करें, इसके बाद आंखों के आसपास के एरिया में लगाएं और सूखने दें. सूखने के बाद हल्के गुनगुने पानी से इसे साफ करें. इसके बाद नारियल के तेल से आंखों के आसपास मसाज करें.

आंखों के नीचे झुर्रियों की वजह कई बार शरीर में पानी की कमी भी होती है. ऐसे में खूब पानी पिएं और खीरे और ककड़ी का सेवन करें. ये आपके शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ स्किन पर ग्लो लाने का काम करते हैं. इसके अलावा आप खीरे या ककड़ी के रस को निकालकर अपनी आंखों के नीचे लगाएं. इससे कुछ दिनों में आपको काफी फर्क लगेगा. रोजाना रात को सोते समय मुंह को अच्छी तरह से धोएं और जैतून के तेल से आंखों के आसपास मसाज करें. इससे काफी फर्क पड़ता है. इसके अलावा रात में सोते समय एलोवेरा जेल लगाने से भी समस्या दूर होती है.

# इस रेस्टोरेंट में जाने के लिए उतारने पड़ते हैं ये कपड़े, मोटे लोगों की एंट्री BAN



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 15 मई : दुनिया में विचित्र जगहों की कोई कमी नहीं.जब इनके बारे में लोगों को पता चलता है तो हैरान रह जाते हैं. सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि आखिर ऐसा भी हो सकता है? आज हम एक ऐसे ही जगह के बारे में आपको बताने जा रहे हैं. क्या आप एक ऐसे रेस्टोरेंट की कल्पना कर सकते हैं जहां जाने के लिए लोगों को सारे कपड़े उतारने पड़े? शायद नहीं. मगर दुनिया में एक ऐसा रेस्टोरेंट है, जिसके नियम बेहद अजीबोगरीब हैं. यहां मोटे लोगों की एंट्री पर



भी पाबंदी है. बेहद क्रूर नियमों वाला यह रेस्टोरेंट जापान की राजधानी टोक्यो में खुला है. इस रेस्टोरेंट की न्यूड थीम नहीं बल्कि यहां एंट्री करने के नियम काफी चौंकाने वाले हैं. दरअसल, यहां आने वाले मेहमानों को पहले अपना वजन करना होता है.

अगर वे ज्यादा मोटे पाए गए, तो उन्हें प्रवेश नहीं मिलता. इतना ही नहीं, अगर आपके शरीर पर टैटू या गोदना होगा तो आप प्रवेश नहीं कर पाएंगे. दिलचस्प बात इसका नाम 'द अमृत' रखा गया है जो भारतीय नाम की तरह लगता है. इसके मुताबिक,सिर्फ 18 से 60 साल की उम्र के बीच के लोग ही प्रवेश कर सकेंगे और उससे पहले उन्हें अपने कपड़े जमा कराकर रेस्टोरेंट द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले कागज के बने अंडर गारमेंट पहनने होंगे. यहां का वेटर और स्टाफ भी आपको उन्हीं ड्रेस में नजर आएगा. इसमें यह भी लिखा है कि अगर आपका वजन आपके कद के औसत वजन की तुलना में 15 किलो या उससे ज्यादा पाया गया तो आपको इजाजत नहीं दी जाएगी.अगर आप दिखने में ज्यादा वजनी लगे, तो आपका वजन तौला भी जा सकता है.

# चेहरा देखने के लिए नहीं, इन वजहों से लगाए जाते हैं लिफ्ट में शीशे ?



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 15 मई : जब भी आप किसी लिफ्ट में चढ़ते होंगे तो सबसे पहले अपने बाल सेट करते होंगे, फिर अपने चेहरे को देखते होंगे और कपड़े सुधारते होंगे. कई लोग तो अगर किसी ऊपरी मंजिल पर मीटिंग करने जाते हैं, तो लिफ्ट में ही कपड़े ठीकठाक कर लेते हैं जिससे सीनियर्स के सामने अच्छा इंप्रेशन पड़े. पर क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर लिफ्ट में कांच क्यों लगाए जाते हैं? वो कोई मेकअप करने की जगह तो है नहीं! चलिए आपको इसका कारण बताते हैं.क्लॉस्ट्रोफोबिया यानी छोटी जगहों का डर. बहुत से लोग लिफ्ट या उसके जैसी अन्य छोटी जगहों पर जाने में डरते हैं. इस डर की वजह से उनकी सांस तेज हो सकती है और उनकी धड़कनें बढ़ सकती हैं.

कांच होने से लोगों को महसूस होगा जैसे वो लिफ्ट काफी बड़ी है. उसमें भीड़ भाड़ भी कम लगने लगती है और लोगों का दम नहीं घुटता.कांच लगाने का दूसरा कारण है लोगों का ध्यान भटकाना. ऊंची इमारतों में लोगों को अक्सर लिफ्ट में काफी समय बिताना पड़ता है. यही कारण है कि लिफ्ट में कांच लगाए जाते हैं जिससे लोगों का ध्यान भटके और वो इस बात पर गौर ना करें कि उन्हें कितनी देर लिफ्ट में खड़े होना पड़ रहा है, साथ ही वो बोर भी ना हो जाएं. बिना कांच की लिफ्ट में लोगों को सिर्फ जमीन पर देखने के अलावा और कोई रास्ता नहीं दिखेगा,



जिससे लिफ्ट में चलना बोरिंग लग सकता है.लिफ्ट में कांच लगाने के पीछे सबसे बड़ा कारण है सुरक्षा.

लिफ्ट में एक साथ कई लोग यात्रा करते हैं. ऐसे में बहुत बार ऐसा भी होता है कि लोग लिफ्ट की पिछली दीवार की ओर मुंह घुमाकर खड़े हो जाते हैं. अगर लिफ्ट में कांच ना लगा हो, तो उन्हें पता ही ना चले कि पीछे खड़ा व्यक्ति क्या हरकत कर रहा है. कांच लगने होने से लोग एक दूसरे पर नजर रख सकते हैं. इसके अलावा कांच लगे होने से जो लोग व्हीलचेयर पर बैठकर अंदर घुसते हैं, वो आसानी से, बिना पीछे मुड़े भी लिफ्ट के अंदर जा सकते हैं.

# डीजी एजुकेशन बंशीधर तिवारी ने दो महत्त्वपूर्ण आदेश जारी कर दिया शिक्षकों को कड़ा आदेश....

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादूनउत्तराखंड शिक्षा विभाग महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने दो महत्वपूर्ण आदेश जारी कर शिक्षकों को दिया कड़ा संदेश।डीजी एजुकेशन तिवारी का पहला आदेश उन शिक्षकों को लेकर है जो सेटिंग के बल पर कई सालों तक सुगम में एक ही जगह पर डटे हुए है। जबकि दूसरा आदेश ऐसे शिक्षकों और शिक्षा विभाग में नेतागिरी करने वाले कर्मचारियों को लेकर है जो कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन करते हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तराखंड शिक्षा विभाग ने ऐसे कई शिक्षकों को लेकर कड़ा रुख अपनाया गया है जो स्थानांतरण अधिनियम की कुछ खास धाराओं के कारण दुर्गम क्षेत्रों में स्थानांतरित नहीं किए गए। इसके कारण शिक्षा विभाग में ही तैनाती को लेकर परेशानियां खड़ी हो रही है।

ऐसे मामलो में कड़ाई दिखाते हुए शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने आदेश देते हुए यह स्पष्ट किया है कि कुछ शिक्षकों और कर्मचारियों को दुर्गम में स्थानांतरण से छूट मिली हुई है जिसके कारण इसे कई शिक्षक और कर्मचारी कई सालों से एक ही जगह पर जमे हुए है। लेकिन अब ऐसे कर्मचारियों को एक जगह पर 4 साल पूरे होने की स्थिति में सुगम क्षेत्र के ही दूसरे कार्यालय में स्थानांतरित किया जाएगा। वहीं पद रिक्त न होने की स्थिति में कर्मचारियों को पारस्परिक रूप से भी स्थानांतरित किया जा सकता है।यही नहीं आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो भी प्रवक्ता सहायक अध्यापक व कर्मचारी विभिन्न संस्थाओं में कई सालों से कार्यरत है और उनका नाम पात्रता सूची में सम्मिलित नहीं है। ऐसे शिक्षक व कर्मचारियों को 4 साल से अधिक समय तक एक ही जगह पर कार्यरत होने की स्थिति में अनिवार्य रूप से स्थापित किया जाएगा और इन्हें एस-सीईआरटी या डायट में तैनाती नहीं मिल पाएगी।यदि ऐसे शिक्षक पात्रता सूची में सम्मिलित नहीं है तो उन्हें पात्रता सूची में सम्मिलित किए जाने की कार्रवाही सुनिश्चित की जाएगी।शिक्षा महानिदेशक की तरफ से अगले आदेश में शिक्षकों और विभाग में नेतागिरी करने वाले ऐसे कर्मचारियों को इंगित किया। गया है जो सोशल मीडिया पर बयान बाजी करते हैं। इस आदेश में भी स्पष्ट किया गया है कि जिस तरह से खुले रूप में शिक्षक और कर्मचारी सोशल मीडिया पर अपनी बात रख रहे हैं उससे शिक्षा विभाग की छवि भी धूमिल होती है। लिहाजा ऐसे किसी भी बयान पर पूरी तरह से रोक लगाई जाएगी। इसके बावजूद भी यदि कोई शिक्षक और कर्मचारी सोशल मीडिया पर बयान बाजी करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ कर्मचारी आचरण नियमावली के तहत कार्रवाही की जाएगी।



# एकलव्य मॉडल, रेजीडेंशियल स्कूल कालसी में हुआ बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। माननीय उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल एवं मा0 जिला न्यायाधीश/मा0 अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून के निर्देशानुसार आज जनपद देहरादून के दूरस्थ क्षेत्र स्थान-एकलव्य मॉडल, रेजीडेंशियल स्कूल कालसी, देहरादून, उत्तराखण्ड के परिसर में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ माननीय न्यायमूर्ति, मनोज तिवारी ने दीप प्रजव्वलन से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी जी, वरिष्ठ न्यायाधीश, माननीय उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड, नैनीताल/ कार्यपालक अध्यक्ष, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल रहें, जिनके द्वारा अपने सम्बोधन में बताया गया कि -न्याय तक पहुॅच कानून के नियमों की संकल्पना के आवश्यक तत्वों में से एक है, संवैधानिक परिकल्पना, न्याय को समान आधार पर बढ़ावा देने का प्रावधान करने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करती है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक या अन्य अक्षमता के कारण न्याय से वंचित न रहें। इसी भावना के अनुरूप विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 अधिनियमित किया गया है, जिसमें उन लोगों की विशिष्ट श्रेणियों को सूचीबद्ध किया गया है, जो मुफ्त कानूनी सेवा प्राप्त करने के हकदार है। इस अधिनियम के अंतर्गत ही देश के उपेक्षित वर्गो तक न्याय की पहुॅच को सुगम बनाने हेतु राष्ट्रीय, राज्य, जिला स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरणों का गठन किया गया है, जो सभी के लिये न्याय प्राप्त करने के समान अवसर सुनिश्चित करते हुए समाज के निर्बल वर्गों को आवश्यक विधिक सेवायें प्रदान कर रहे हैं।

समाज के उपेक्षित और बहिष्कृत समूहों को प्रभावी कानूनी प्रतिनिधित्व, कानूनी साक्षरता और जागरूकता प्रदान करते हुए एवं कानूनी रूप से उपलब्ध लाभों तथा हकदार लाभार्थियों के बीच के अंतर को भरते हुए उन्हें कानूनी रूप से सशक्त बनाना ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य ध्येय है। इसके अतिरिक्त विवादों का अनौपचारिक, त्वरित, सस्ता व प्रभावी समाधान प्रदान करने के लिये लोक अदालतों और अन्य वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र प्रणाली को मजबूत बनाना भी इसका उद्देश्य है। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि इस शिविर का उद्देश्य आम जनमानस को सरकार की समस्त लाभकारी योजनाओ का वास्तविक लाभ उपलब्ध कराना है। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तराखण्ड के समस्त जिलो मे सक्रिय रूप से विधिक सेवा उपलब्ध कराने के साथ साथ कानून की जानकारी के लिये प्रचार प्रसार कराते है तथा समाज के हित के लिये लगातार कार्य करते है। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव सहदेव सिंह द्वारा भी विभिन्न कानूनों के सम्बध में जानकारी दी गयी । इस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत एकलव्य मॉडल रेजीडेंशियल, कालसी के छात्रों द्वारा प्रारम्परिक वेशभूषण में ढ़ोल-दमाउ एवं तिलक लगाकर किया गया। अतिथियों का स्वागत जनपद देहरादून के जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप पंत जी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के आयोजन में एकलव्य आर्दश आवासीय विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सुधा पैन्यूली, समस्त अध्यापक एवं छात्र का उपस्थित रहें, जिनके द्वारा शिविर के आयोजन में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। जगतबंधु सेवा ट्रस्ट, देहरादून द्वारा महंत इन्द्रेश अस्पताल के चिकित्सकों के माध्यम से व्यक्तियों की जॉचें की गयी व निशुल्क दवाईया भी वितरित की गयी। एवं साई इंस्टीट्यूट, देहरादून की टीम द्वारा भी कार्यक्रम में सहयोग किया गया। एन0 आई0 बी0 एच0 देहरादून के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा 15 दिव्यांग जनों को उपकरण भी वितरित किये गये। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी गोर्वधन सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी, कालसी, जिला पशु चिकित्साधिकारी, डॉ सुनील शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी, श्रीमती मीना बिष्ट द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये तथा साई इंस्टीटयूट की टीम द्वारा तपेदिक रोग के सम्बंध में प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता के लिये नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इफकाई विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा भी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया तथा बालिका निकेतन , केदारपुरम देहरादून की बालिकाओं द्वारा योगा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में पराविधिक कार्यकर्तागण एवं छात्रों को उनके अच्छे कार्यों के लिये प्रशस्ति पत्र/प्रमाणपत्र भी वितरित किये गये।

सचिव/वरिष्ठ सिविल जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून हर्ष यादव, द्वारा मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य व्यक्तियों, आमजनता/छात्रों/स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों/प्रशासन के सभी विभागों के अधिकारियों एवं एकलव्य विद्यालय को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला सशक्तिगरण एवं बाल विकास विभाग, वन-विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग, पशुपालन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, लोक निर्माण विभाग, श्रम विभाग एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने विभाग की सामान्य जनता के हित की योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी एंव अपने विभाग से सम्बंधित आवेदन पत्र वितरित किये गये।

कार्यक्रम में जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि यदि किसी भी महिला/व्यक्ति को अपनी समस्या के निवारण हेतु अन्यथा निशुल्क विधिक सहायता हेतु आवश्यकता हो या उनकी पेंशन/राशनकार्ड/मृत्यु प्रमाण-पत्र आदि को बनाने में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो रही तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून के दूरभाष नम्बर 0135-2520873 एवं ई0मेल पर सम्पर्क कर सकता है।

उक्त शिविर में यह भी अवगत कराया कि माननीय उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल द्वारा उत्तराखण्ड के सरकारी कार्यालयों व न्यायालयों से सम्बंधित कानूनी सहायता हेतु ऑफलाइन सुविधा के अतिरिक्त ऑनलाईन सुविधा भी उपलब्ध करायी जाती है, जिसके सम्बंधित व्यक्ति राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की नियमावली के अनुसार खुद पोर्टल में लॉगइन कर प्रार्थनापत्र प्रेषित कर सकता है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर, मुख्य विकास अधिकारी, सुश्री झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन शिव कुमार बर्नवाल, जनपद देहरादून के समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, जिला प्रशासन के विभिन्न विभागो के समस्त अधिकारीगण, पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण, देहरादून एवं विकास नगर के बार ऐसोसिएशन के सम्मानित पदाधिकारी एंव सदस्य, इलैक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मिडिया के साथी, ब्लॉक प्रमुख मठोर सिंह, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख, भीम सिंह, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख रितेश असवाल, विधि महाविद्यालयों/विधि संकायों के प्राध्यापक, छात्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नामिका अधिवक्ता, पराविधिक कार्यकर्तागण भी उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### विकासनगर के यथार्थ, यशस्वी ने सीआईसीएसई की परीक्षा में लहराया परचम

विकासनगर। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईसीएसई) के दसवी के परिणाम घोषित होने पर विकासनगर के सोनी परिवार में भी खुशियां छा गई। इस परिवार के दो भाई बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन दोनों के भाई बहनों बताया कि प्रशासनिक सेवा और सेना में जाना उनका लक्ष्य है। विकासनगर निवासी यश्वसी सोनी और उनके चचेरे भाई यथार्थ सोनी देहरादून के श्री राम सेंटेनियल स्कूल में पढ़ते हैं। रविवार को घोषित परीक्षा परिणाम में यथार्थ सोनी ने 92.6 प्रतिशत और यशस्वी सोनी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। यथार्थ के पिता अमित सोनी निजी शिक्षण संस्थान संचालित करते हैं, जबकि माता नीरू उसी निजी शिक्षण संस्थान में प्रधानाचार्य हैं। जबकि यशस्वी सोनी के पिता प्रवीण सोनी कैमिस्ट और माता कीर्ति सोनी गृहणी हैं। भविष्य को लेकर दोनों भाई बहनों का लक्ष्य निर्धारित है। यथार्थ ने बताया नियमित पढ़ाई करके उसने विषयवार अध्ययन किया। सभी विषयों को उसने पढ़ाई में महत्व दिया। उसका सपना एनडीए में जाकर देश सेवा का है। यशस्वी ने बताया कि प्रतिदिन 6 से 7 घंटे तक उसने टाइम टेबल के साथ पढ़ाई करते हुए यह सफलता प्राप्त की है। वह भविष्य में आईएएस कर समाज की सेवा करना चाहती है।

### पांच से सात जून तक जारी खेलकूद व सांस्कतिक महोत्सव का कार्यक्रम जारी किया

विकासनगर। खेलकूद एवं सांस्कृतिक विकास मंच पर्वतीय प्रगति मंडल पंजिटिलानी की ओर से पांच जून से सात जून तक तीन दिवसीय खेलकूद व सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समिति की ओर से पंजिटिलानी में आयोजित बैठक में खेलकूद कार्यक्रम जारी किया गया। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों ने कहा की आयोजन के लिए बहुत कम समय है। उन्होंने आयोजन के लिए समिति से दिन रात मेहनत करने का आह्वान किया। कहा कि इस बार खेलकूद व सांस्कृतिक महोत्सव आयोजन मे बदलाव किया जाऐगा। जिसमें प्रतियोगिता में कबड्डी गांव वाईज में मात्र जौनसार बावर क्षेत्र की ही टीमे भी प्रतिभाग करेंगी। जबकि कबड्डी जूनियर, कबड्डी बालिका बालिका पांच जून को होगी। प्रवेश शुल्क व अपनी टीम दर्ज कराने का समय 5 जून होगा। छह जून से कबड्डी गांव वाईज व कबड्डी ओपन खेल शुरू किया जाएगा। सामान्य ज्ञान व सांस्कृतिक कार्यक्रम सात जून को किया जाएगा। कहा की यह आयोजन तीन खतो के लिए ऐतिहासिक होगा। यह एक मेले के रूप मे विकसित किया जाएगा। कहा कि ऐसे आयोजन मे सभी लोंगो का मिलन हो जाता है। इस मौके पर दर्शन सिंह नेगी, पूरण सिंह चौहान, शान्ति सिंह तोमर, प्रशांत नेगी, खुशीराम शर्मा, गीताराम शर्मा, भीम दत्त शर्मा, पीएस तोमर, सरदार शर्मा, दीवान सिंह तोमर, प्रताप सिंह चौहान, मेहन्द्र सिंह, तोमर, जीवन सिंह तोमर, संजय तोमर, चतर सिंह तोमर, विरेंद्र सिंह तोमर,शूरवीर सिंह चौहान, सुरेन्द्र शर्मा, शूरवीर सिंह नेगी, कुंवर सिंह तोमर, विरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

### समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक न्याय की पहुंच जरूरी: न्यायमूर्ति तिवारी

विकासनगर। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रविवार को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी में बहुउद्देश्यीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मनोज तिवारी ने छात्र-छात्राओं को विधिक जानकारी मुहैया कराई। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति न्याय की पहुंच जरूरी है। न्यायमूर्ति तिवारी ने बताया कि न्याय तक पहुंच कानून के नियमों की संकल्पना के आवश्यक तत्वों में से एक है। संवैधानिक परिकल्पना, न्याय को समान आधार पर बढ़ावा देने का प्रावधान करने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करती है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक या अन्य अक्षमता के कारण न्याय से वंचित न रहें। बताया कि इसी भावना के अनुरूप विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 बनाया गया है, जिसमें उन लोगों की विशिष्ट श्रेणियों को सूचीबद्ध किया गया है, जो निशुल्क कानूनी सेवा प्राप्त करने के हकदार हैं।

# इस देश में अपनी मर्जी से नहीं देख सकते हैं टीवी, खबरें देखना है पाप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 15 मई : दुनिया में कई अजीबोगरीब जगहें हैं जिनके बारे में जानकर आप हैरान हो जाएंगे। एक देश में कई तरह के अजीबोगरीब नियम हैं। इन नियमों के बारे में जानकर आप हैरत में पड़ जाएंगे। यहां पर कोई अपनी मर्जी से टीवी तक नहीं देख सकता है। इस देश में तीन से चार टीवी चैनल हैं, लेकिन उन पर दुनिया की कोई नहीं दिखाई जाती है।

सबसे हैरानी वाली बात यह है कि इस देश में एक प्रतिशत से कम लोगों के पास ही इंटरनेट है। इस देश का नाम उत्तर कोरिया है, जहां का शासक तानाशाह किम जोंग उन है। इस देश की अक्सर अजीबोगरीब नियमों की वजह से चर्चा होती रहती है।

इन दिनों एक बार फिर यह देश चर्चा में है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस देश में कोई भी बाहरी न्यूज चैनल नहीं देख सकता है। इसकी वजह से यहां के लोगों को दुनिया की अधिक जानकारी नहीं होती है। उत्तर कोरिया में अगर कोई विदेश चैनल देखते या सुनते पकड़ा जाता है, तो उसे कड़ी सजा दी जाती है। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि उसे



जेल भी हो सकती है। जिन रेडियो चैनलों से सरकार नाराज होती है, तो उनको बंद कर किया जाता है। उत्तर कोरिया में कुल आबादी के 0.1 फीसदी लोग ही इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। इस देश में कोई समाचार पोर्टल नहीं है। चीन की एक वेबसाइट उरीमिन्जि-ककिरी उत्तर कोरियाई स्रोतों से यहां के बारे में समाचार बताती है। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि यहां के लोग विदेशियों से फोन पर बात भी नहीं कर सकते हैं।

# सीट बेल्ट न लगे होने पर नहीं खुलते वाहनों के एयरबैग ?



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 15 मई : अब नए मॉडल की जितनी भी गाड़ियां मार्केट में आ रही है, उन गाड़ियों में एयरबैग लगे हुए है। इसका फायदा कार चालक और उसमें सवार लोगों को तभी मिलता है, जब सीट बेल्ट बांधा गया हो और इसके अलावा गाड़ी के सामने किसी प्रकार का गार्ड नहीं लगा हो। तभी दुर्घटना के दौरान टकराने पर गाड़ी में लगा एयर बैग खुलता है।

बेअसर एयरबैग झटका पहले बार्स पर आता है। ऐसे में अगले हिस्से पर लगे सेंसर को गाड़ी टकराने का पता भी नहीं चलता। ऐसे में वे खुल नहीं पाते है। बंपर बोनट को यूं बनाया जाता है कि दुर्घटना में फोर्स इन पर आएगा। इसलिए गाड़ी हादसे होने के बाद सिकुड जाती है। बंपर गार्ड होने पर पूरा फोर्स गाड़ी पर आ जाता है। अगला हिस्सा सॉफ्ट पैदल चलने वाले और टू व्हीलर्स को बंपर गार्ड से ज्यादा खतरा है। कार का अगला हिस्सा साफ्ट होता है, लेकिन गार्ड इसे खतरनाक बना देता है। सवारियों पर खतरा दुर्घटना में बुल बार्स गार्ड होने पर झटका वाहनों के चेचिस पर ज्यादा आता है। गाड़ी को नुकसान ज्यादा होता है। साथ ही सवारियों पर खतरा बढ़ जाता है।

जानिए, क्यों लगाते हैं बुल बार्स और बंपर गार्ड ज्यादातर लोग गार्ड के सामने हिस्से में स्क्रेच न आए। इसलिए बंपर गार्ड लगा देते है। इसके अलावा छोटी-मोटी दुर्घटना हो तो उसमें भी सामने वाला हिस्सा बच जाए। इसलिए बंपर गार्ड लगवा देते है। ज्यादातर लोग गाड़ी को बचाने के हिसाब से ही बंपर गार्ड लगवा लेते है, लेकिन उन्हें इसके इफैक्ट पता नहीं है। आखिरकार अधिकतर दुर्घटनाओं में क्यों नहीं खुल पाते एयरबैग काम कैसे करते है : एयरबैग सेंसर कंट्रोल से जुड़े होते है। 60 से 80 किमी/घंटे की स्पीड से हादसा होने पर एयरबैग खुल जाते है। टक्कर के बाद एयरबैग 200 किमी/ घंटे के रफ्तार से खुले जाता है, लेकिन यह स्पीड सेंसिटिव नहीं है।

क्यों खुल नहीं पाते : सीट बैल्ट लगी होने की स्थिति में ही एयरबैग खुलते है। झटके के बाद एयरबैग ट्रीगर सेंसर होते है, लेकिन वाहनों पर गार्ड या बुल बार्स लगे होते है तो सेंसर भी उतनी तेजी के साथ काम नहीं कर पाता। क्योंकि झटका सेंसर तक नहीं पहुंच पाता। इंश्योरेंस का भी खतरा : अगर गार्ड होने की स्थिति में एयरबैग खुल भी जाए तो क्लेम अटक सकता है। क्योंकि आरटीओ से गार्ड और बुल बार्स एप्रुव नहीं है। इसके अलावा अब बैन होने के बाद से परेशानियां और भी बढ़ जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बस, टैक्सी स्टेंड के सामने खुली अंग्रेजी शराब की दुकान का विरोध

विकासनगर। मुख्य बाजार में पेट्रोल पंप के पास टैक्सी, बस स्टैंड के सामने अंग्रेजी शराब की दुकान खोलने से माहौल खराब होने का आरोप स्थानीय बाशिंदों और व्यापारियों ने लगाया है। व्यापारियों का कहना है इससे उनके व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विकासनगर मुख्य बाजार में संचालित होने वाली अंग्रेजी शराब की दुकान को कुछ दिन पहले पेट्राले पंप के नजदीक शिफ्ट किया गया। जिस जगह पर दुकान संचालित हो रही है, वहां पर बस स्टैंड के साथ ही टैक्सी और ऑटो स्टैंड भी है। स्थानीय व्यापारी राकेश शर्मा, मनोज कुमार, इशांत जैन का कहना है कि पास में शराब की दुकान होने के कारण लोग उनकी दुकानों में भी खरीदारी करने नहीं आ रहे हैं। खासकर महिलाएं ऐसी जगह पर आने से बच रही हैं, जिससे उनके व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इतना ही नहीं शराब की दुकान के सामने ही बस, टैक्सी, ऑटो के इंतजार में देर रात तक महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग वाहनों के इंतजार में खड़े रहते हैं। ऐसे में उन्हें भी अपनी सुरक्षा का भय बना रहता है। लोगों का कहना है कि शराब की दुकान खुलने से रात्रि के समय यहां से गुजरना मुश्किल हो रहा है। जौनसार बावर के साथ ही उत्तरकाशी और टिहरी जाने वाले वाहन यहीं पर खड़े रहते हैं। महिला यात्रियों को कई बार असहज परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है। जबकि देहरादून के शिक्षण संस्थानों से लौटकर आने वाले छात्र-छात्राएं भी अपने गंतव्य तक जाने के लिए इसी जगह पर टैक्सी और ऑटो का इंतजार करते हैं। व्यापारियों ने कहा कि स्थानीय लोगों, यात्रियों की सुरक्षा के साथ ही आसपास के व्यापारियों की परेशानी को देखते हुए अंग्रेजी शराब की दुकान यहां से हटाई जानी जरूरी है। राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे अंग्रेजी शराब की दुकान शासन से जारी नियमों के अनुसार संचालित हो रही है या नहीं, इसकी जानकारी आबकारी विभाग से ली जाएगी। दुकान को एनएच से दो सौ मीटर, शिक्षण संस्थान से सौ मीटर और धार्मिक स्थल से साठ मीटर की दूरी पर होना चाहिए। इन नियमों का पालन नहीं होने पर उचित विधिक कार्यवाही की जाएगी। - विनोद कुमार, एसडीएम।

### पूर्व सैनिकों ने निकाली विशाल रैली

देहरादून। 14मई रविवार को गौरव सैनानी एसोसिएशन उत्तराखंड के तत्वावधान में देहरादून जिले के 50 से अधिक पूर्व सैनिकों संगठनों ने हजारों पूर्व सैनिकों, वीर नारियों सैनिक आश्रित परिवारों ने सी एस डी कैंटीन, ई सी एच एस, उपनल में चल रही भारी अनियमितताओं पर एक विशाल रैली का आयोजन किया। सर्वप्रथम सभी पूर्व सैनिक संगठनों ने चीड़ बाग शौर्य स्थल पर देश के वीर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीदों को याद करके दो मिनट का मौन धारण किया। उसके बाद गौरव सैनानियों के समर्थन में दिल्ली से आए वाइस आफ एक्स-सर्विसमैन सोसायटी भारत के चेयरमैन बीर बहादुर जी ने सभी को सम्बोधित किया। सभी को देश में जोरों से चल रहे ओ पी आर ओ पी अभियान के तहत महत्वपूर्ण जानकारियां दी और सभी को एकजुट होकर चलने का आह्वान किया उसके बाद सभी पूर्व सैनिकों ने आज 1000 पोस्ट कार्ड में ओ आर ओ पी की भारी विसंगतिया लिखकर भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को पोस्ट कार्ड पत्र भेजा। उसके पश्चात चीड़ बाग शौर्य स्थल से हजारों पूर्व सैनिक, वीर नारियां, सैनिक आश्रित परिवार बैनर, तिरंगा झंडे, मांगो की तख्तियां लेकर हाथीबडक़ला माननीय गणेश जोशी जी,सैनिक कल्याण मंत्री कैम्प कार्यालय पहुंचे और वहां पर सभी संगठनों ने अपने अपने ज्ञापन सैनिक कल्याण मंत्री को सौंपे और साथ ही कहा कि कुछ दिन पहले हमारे कुछ गौरव सैनानी 22 मार्च को सब एरिया कैंटीन में गये थे वहां पर जवान ,जे सी ओ सी एस डी कैंटीन काउंटर पर सामान नहीं था और अफसर काउंटर पर पूरा सामान था इतनी शिकायत कैंटीन मैनेजर से करने पर कैंटीन मैनेजर का अभद्र व्यवहार करना व हमारे गौरव सैनानियों पर सेना मिलिट्री पुलिस बुलाना एक निंदनीय कार्य है। दूसरे दिन 23 मार्च को कुछ गौरव सैनानी कैंटीन की अनियमितताओं पर कैंटीन मैनेजर को शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञापन सौंपने गये थे, पर अपने घंमड में कैंटीन मैनेजर 3 घंटे तक बाहर नहीं आये। किसी ने भी कोई अभद्रता नहीं की जिसके आज भी हमारे पास विडियो साक्षी है।

# छुटमलपुर : शमा परवीन की लगातार दूसरी जीत
# प्रधान पद के बाद चेयरमैन सीट पर किया कब्जा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





छुटमलपुर 15 मई : छुटमलपुर में पहली बार हुए चेयरमैन पद के नगर निकाय चुनाव में शमा परवीन ने अपना कब्जा बरकरार रखा है, इससे पहले वह छुटमलपुर की प्रधान रह चुकी है, हालांकि उन्हें प्रधान बने रहने के लिए विपक्ष का कड़ा विरोध झेलना पड़ा था, उस दौरान उन्हें कई बार उन्हें हाईकोर्ट तक के चक्कर काटने पड़े थे, इस चुनाव में उनकी 22 मतों से शानदार जीत हुई है_पिछली बार की तरह इस बार भी विपक्ष को हार स्वीकार नहीं हुई, और विपक्ष ने उसी समय रि काउंटिंग की मांग उठानी शुरू कर दी थी, काफी जद्दोजहद और उच्च अधिकारियों के दबाव के बाद दो नंबर वार्ड की रि काउंटिंग कराई गई, जिसमें शमा परवीन को एक और वोट की बढ़त मिल गई, हालांकि उनका भी एक वोट खराब निकला, विपक्ष को इस बात पर भी संतोष नहीं हुआ तो उन्होंने सभी वार्डों की रिकाउंटिंग कराने की एप्लीकेशन लगा दी, जिसे उप जिलाधिकारी बेहट ने तत्काल निरस्त करते हुए दोबारा गिनती को साफ मना कर दिया_मतगणना पूरी होने के बाद भी काफी समय तक शमा परवीन को जीत का प्रमाण पत्र नहीं दिया गया, इसके बाद सहारनपुर से सीडीओ, एडीएमएफ, बेहट तहसील पहुंचे और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर रि काउंटिंग के लिए दबाव बनाने लगे, उस समय तक चंद्रशेखर आजाद और विधायक उमर अली खान भी बेहट पहुंच गए और उन्होंने मीडिया के सामने अधिकारियों पर काम करने का आरोप लगाया, और उच्च अधिकारियों को बेहट में चल रही स्थिति से अवगत कराया, जिसके चलते दोनों अधिकारियों को सहारनपुर लौटना पड़ा, उसके बाद शमा परवीन को 22 मतों से विजय घोषित कर जीत का सर्टिफिकेट दिया गया, विधायक उमर अली खान, चंद्रशेखर आजाद, शमा परवीन, रागीब अली, फिरोज खान, इजहार प्रधान, आदि नेताओं ने शांतिपूर्ण रुप से चुनाव प्रक्रिया पूर्ण करने व निष्पक्ष, ईमानदार और निर्भीक रूप से कार्य करने के लिए के लिए उपजिला अधिकारी मैडम रमैया आर को धन्यवाद दिया।

# इस तारीख को बदलेगी राहु- केतु की चाल, तब तक इन 5 राशियों की रहेगी मौज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 15 मई : 30 अक्टूबर को बदलेगी राहु- केतु की चाल, तब तक इन 5 राशियों की रहेगी मौज, देखें क्या आप भी हैं इस लिस्ट में शामिल ज्योतिषशास्त्र में राहु-केतु को पापी ग्रह कहा जाता है। राहु-केतु के अशुभ प्रभावों से हर कोई भयभीत रहता है लेकिन ऐसा नहीं है कि राहु केतु सिर्फ अशुभ फल देते हैं राहु-केतु शुभ फल भी प्रदान करते हैं। राहु-केतु के शुभ होने पर व्यक्ति का सोया हुआ भाग्य भी बदल जाता है। राहु-केतु धीमी चाल चलते हैं और डेढ़ साल में एक बार राशि परिवर्तन करते हैं। राहु- केतु हमेशा वक्री चाल चलते हैं। राहु केतु की चाल बदलने से पहले कुछ राशि वालों को भाग्य का पूरा साथ मिलेगा

**वृष राशि**

- धन- लाभ होने के योग बन रहे हैं, जिससे आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।
- नौकरी और व्यापार में तरक्की के योग बन रहे हैं।
- मेहनत करने से कार्यों में सफलता अवश्य प्राप्त होगी।
- परिवार के सदस्यों के साथ समय व्यतीत करें।
- दांपत्य जीवन में सुख का अनुभव करेंगे।
- शुभ परिणाम मिलेंगे।
- शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय शुभ कहा जा सकता है।

**मिथुन राशि**

- आर्थिक समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।
- मान सम्मान और पद प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग बन रहे हैं।
- धन लाभ होगा।
- धैर्य से काम लेने से सफलता अवश्य प्राप्त करेंगे।
- कार्यक्षेत्र में सब आपकी तारीफ करेंगे।
- व्यापार में लाभ होगा।
- जीवनसाथी के साथ समय व्यतीत करें।

**सिंह राशि**

- शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए ये समय किसी वरदान से कम नहीं है।
- शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे।
- धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।
- स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से छुटकारा मिल सकताहै।
- मान-सम्मान और पद प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग बन रहे हैं।
- आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**कन्या राशि**

- नौकरी संबंधी शुभ समाचार मिल सकता है।
- आय में वृद्धि से पैसों से संबंधी परेशानी दूर हो सकती है।
- जीवनसाथी के साथ समय व्यतीत करेंगे, जिससे वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु राशि**

- रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।
- कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान मिलेगा ।
- यात्रा से लाभ होने के योग बनेंगे।
- आय में वृद्धि हो सकती है।
- आपके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की जाएगी।
- कार्यों में सफलता मिलेगी।
- नौकरी और व्यापार के लिए समय शुभ है

## संक्षिप्त खबरें

### ब्रह्मपुरी में रोडवेज चालक से मारपीट

ऋषिकेश। रोडवेज बस चालक से मारपीट के आरोप में पुलिस ने राफ्टिंग गाइड और चालक समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास में जुटी है। मुनिकीरेती पुलिस के मुताबिक देहरादून के पर्वतीय डिपो के बस चालक संदीप घाघट द्वाराहाट से सवारियां लेकर ऋषिकेश आ रहे थे। इसी बीच ब्रह्मपुरी में राफ्टिंग वाहन में सवार ड्राइवर और गाइड से कहासुनी हो गई। आरोप है कि उन्होंने विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। वाहन में सवार अन्य लोगों ने भी मारपीट की। नामजद शिकायत पर पुलिस ने ड्राइवर मस्तु पुत्र अर्जुन सिंह नवाडी निवासी काले की ढाल, ऋषिकेश और राफ्टिंग गाइड अक्षय पुत्र शूरवीर निवासी श्यामपुर, ऋषिकेश और अन्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने बताया कि अज्ञात आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। नामजद आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### महिलाओं की बदौलत 2024 में जीतेगी कांग्रेस: ज्योति

ऋषिकेश। महिला कांग्रेस ऋषिकेश के वार्ड सम्मेलन में प्रत्येक बूथ और वार्ड में महिलाओं को पार्टी से जोडने पर जोर दिया गया। कांग्रेसियों ने निशाना साधा कि भाजपा सरकार में महिलाओं का उत्पीडन हो रहा है। कहा कि आने वाले समय में महिलाओं की ताकत और समर्थन से कांग्रेस देश में सरकार बनाएगी। रविवार को झंडा चौक मेन बाजार स्थित सभागार में महानगर महिला कांग्रेस ऋषिकेश के वार्ड सम्मेलन में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि भाजपा सरकार पहाड़ की बेटी अंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषियों को बचाने का काम कर रही है। भाजपा के सांसद महिला पहवानों का शोषण कर रहे हैं। आह्वान किया कि अब महिलाओं और कांग्रेसियों के एकजुट होने का समय आ गया है। जिस प्रकार कर्नाटक में कांग्रेस ने पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई है, उससे स्पष्ट हो गया है कि देश की जनता पीएम मोदी के जुमलों को समझ चुकी है।

ज़िलाध्यक्ष अंशुल त्यागी, नगराध्यक्ष नीलम तिवारी ने कहा कि आगामी चुनाव के लिये बूथ और वार्ड स्तर पर कमेटियों के गठन की तैयारी कर ली है। उसके माध्यम से कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक जन-जन तक पहुंचने का काम करेंगे। मौके पर जयेन्द्र रमोला, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह, अनामिका त्यागी, विमला रावत, कमला शर्मा, मनोरमा डोबरियाल, पुष्पा पंवार, पार्षद शकुंतला शर्मा, विजय लक्ष्मी शर्मा, पुष्पा पुंडीर, सुधारानी पाल, मधु जोशी, चंद्रकान्ता जोशी, निशा, गीता, कमला गौड़, मदन मोहन शर्मा, शैलेन्द्र बिष्ट, ललित मोहन मिश्र, त्रिलोकीनाथ तिवारी, संजय शर्मा, रोशनी, बीना मियां, कृष्णा रमोला, सावित्री, पुरंजय भारद्वाज,निधि पांडेय, मिथलेश, कुसुम मिश्रा, अशोक शर्मा, प्रवीण गर्ग, विनोद रतूड़ी, चुन्नु राणा, रमा वर्मा, कुसुम, कृष्णा खत्री, शैल कुमारी, नरेश कोठारी, सीता, रोशनी, काजल, सुगंधा, बीना, इलमवती, सुमित्रा, गीतापाल आदि उपस्थित रहे।

### कार नहीं लाने पर विवाहिता को घर से निकाला

ऋषिकेश। आईडीपीएल निवासी एक विवाहिता को पति और सास-ससुर ने दहेज में कार नहीं लाने पर घर से निकाल दिया। पीड़िता के साथ मारपीट भी की गई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक महिला का विवाह वर्ष 2021 में जितेंद्र कुमार वर्मा निवासी वार्ड नंबर छह, मुखर्जी पार्क, जगाधरी, हरियाणा से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही जितेंद्र, ससुर पतालूराम और सास विमला देवी दहेज के लिए उत्पीडन करने लगे। शिकायत पुलिस से की, तो काउंसलिंग के बाद पति ने माफी मांगी और पत्नी को ससुराल ले गया। कुछ दिन सामान्य रहने के बाद फिर से पति व सास-ससुर ने दहेज के लिए उत्पीडन शुरू कर दिया। साल 2022 में बीमारी का इलाज कराने के बहाने पति मायके छोड़ गया। काफी समय बाद संपर्क करने पर पति ने कार की रकम साथ लेकर आने की बात कही। नामजद तहरीर पर पुलिस ने पति जितेंद्र वर्मा, ससुर पतालूराम और सास विमला देवी के खिलाफ दहेज उत्पीडन अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गर्मियों में क्यों बढ़ते हैं पेट में इंफेक्शन के मामले, ये है वजह ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 15 मई : गर्मी के मौसम में पेट से जुड़ी तमाम समस्याएं होती हैं. सबसे ज्यादा परेशानी पेट में इंफेक्शन की होती है. ये समस्या वायरस के कारण होती है क्योंकि इस मौसम में बैक्टीरिया बहुत ज्यादा एक्टिव हो जाते हैं. पेट के इन्फेक्शन की इस समस्या को मेडिकल भाषा में वायरल गैस्ट्रोएंट्रा-इटिस भी कहा जाता है. इसके कारण कई बार आंतों में जलन और सूजन की समस्या हो जाती है और कई बार तो हालत ऐसी हो जाती है कि पानी को भी पचा पाना मुश्किल हो जाता है. आइए जानते हैं आयुर्वेद विशेषज्ञ से जानते हैं क्यों गर्मी में बढ़ जाती है ये समस्या.

ये हो सकती हैं वजहजरूरत से ज्यादा भोजन खा लेनागलत टाइम पर खानाखराब या बासी खाना खा लेनागंदा पानी पीनासाफ-सफाई का ध्यान न रख-नावायरल गैस्ट्रोएंट्राइटिस के समय उल्टी, दस्त, चक्कर, पेट में मरोड़, सिरदर्द, ठंड लगकर बुखार आना और चक्कर आने जैसे लक्षण सामने आते हैं. इन लक्षणों को नजरअंदाज करने से परेशानी काफी बढ़ सकती है.इस मामले में आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. रमाकांत शर्मा कहते हैं कि पेट में इंफेक्शन की समस्या होने पर सबसे पहले खानपान को नियंत्रित करना चाहिए. ऐसे में ज्यादा से ज्यादा लिक्विड डाइट लेनी चाहिए ताकि शरीर में पानी की कमी न रहे. साथ ही हल्का और सुपाच्य चीजें खानी चाहिए. ऐसे में मूंग की दाल की खिचड़ी, छाछ, नारियल पानी, मुलायम गूदेदार फल, पुदीना पानी और नमक चीनी का घोल वगैरह लेना चाहिए.अगर समस्या ज्यादा हो रही हो तो बगैर देर करे किसी विशेषज्ञ को परामर्श करें.पेट में इंफेक्शन होने पर कुछ चीजों को बिल्कुल नहीं खाना चाहिए वरना आपकी समस्या और बढ़ सकती है. ऐसे में मसालेदार खाना, कॉफी, कच्ची सब्जियां, दूध और दूध से बनी चीजें, खट्टी चीजें नहीं खानी चाहिए. इसके अलावा साफ-सफाई का ध्यान रखें. ताजा खाना खाएं.



## 20 मई से शुरू होने वाली हेमकुंड यात्रा

चमोली। अधिक बर्फ की वजह से 20 मई से शुरू होने वाली हेमकुंड यात्रा पर 60 वर्ष से अधिक आयु के श्रद्धालुओं और बच्चों को यहां जाने की अनुमति पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। हेमकुंड गुरुद्वारा ट्रस्ट और प्रशासन ने स्थलीय निरीक्षण के बाद यह निर्णय लिया है। हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्र जीत सिंह बिन्द्रा ने बताया कि सेना और सेवादारों ने हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग से बर्फ काट कर रास्ता बना दिया है। लेकिन क्षेत्र में अधिक बर्फ के कारण अभी सीमित संख्या में ही यात्री हेमकुंड साहिब जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हेमकुंड साहिब यात्रा 20 मई से आरंभ होने जा रही है। बताया कि पैदल यात्रा मार्ग से बर्फ हटाकर मार्ग बनाने का कार्य भारतीय सेना के जवानों ने अप्रैल माह से ही शुरू कर दिया था?। खराब मौसम के बावजूद भारतीय सेना के जवानों ने पैदल मार्ग से बर्फ हटाने के साथ ट्रस्ट सेवादारों के साथ हेमकुण्ट साहिब पहुंचे।

उन्होंने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए प्रशासन की ओर से दिशा-निर्देश के अनुसार अभी कुछ समय तक हेमकुंड आने वाले यात्रियों की संख्या सीमित रखी जाएगी। इसके अलावा प्रशासन ने यह भी विशेष निर्देश दिए हैं कि बीमार व्यक्ति, सांस से संबंधित बीमारी वाले व्यक्ति के अलावा 60 वर्ष की एवं बच्चों को यात्रा की अनुमति फिलहाल नहीं दी जाएगी। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भी श्रद्धालुओं से नियमों का पालन करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि जो यात्री आ गए हैं वह अपना पंजीकरण करा लें। यदि किसी कारण पंजीकरण नहीं हुआ है तो वे ऋषिकेश स्थित गुरुद्वारा परिसर में अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

## हेलीकॉप्टर टिकट के नाम पर श्रद्धालुओं से ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पौड़ी। केदारनाथ की हेलीकॉप्टर यात्रा के टिकट कराने और चारधाम यात्रा कराने के नाम पर आठ श्रद्धालुओं के साथ ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक लाख रुपये लेकर हेलीकॉप्टर से यात्रा नहीं कराने का आरोप है। कमलाकर रामभाऊ चोगले पुत्र रामभाऊ काया चोगले निवासी सरस्वती अपार्टमेंट, केटमनीवली गांव, कल्याण ईस्ट ठाणे महाराष्ट्र ने पुलिस चौकी फाटा पर शिकायत दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया कि इसी माह दस तारीख को फाटा में एक व्यक्ति मिला। जिसने अपना नाम आशीष राजेन्द्र चौधरी बताया। जिसने उनको आश्वासन दिया कि वह उन लोगों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से चारधाम यात्रा का दर्शन करा देगा। केदारनाथ के लिए आठ लोगों के टिकट बुक कराने के एवज में आशीष राजेंद्र चौधरी ने एक लाख रुपए की मांग की। शिकायतकर्ता ने 25 हजार रुपये ऑनलाइन व ? 75 हजार रुपये नगद दिए। आरोप है कि पैसे देने के बाद सभी श्रद्धालु टिकट के लिए काफी देर तक इंतजार किए। लेकिन उस व्यक्ति ने न तो टिकट उपलब्ध कराया और न ही पैसा वापस किया। फोन भी रिसीव नहीं किया गया। थाना गुप्तकाशी में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू की। गुप्तकाशी थानाध्यक्ष ने बताया कि रविवार को आरोपी आशीष राजेन्द्र चौधरी पुत्र राजेन्द्र एकनाथ चौधरी निवासी 39 दत्तवाड़ी महासोवा चौक सिंहगढ़ रोड़ थाना जिला पुणे महाराष्ट्र को शेरसी से गिरफ्तार किया गया।

आईआरसीटीसी की वेबसाइट से ही करें बुकिंग

पुलिस ने चारधाम यात्रा आ रहे श्रद्धालुओं से अपील है कि वे यदि हेलीकॉप्टर के माध्यम से चारधाम यात्रा पर जाना चाहते हैं तो वे इस बार आईआरसीटीसी द्वारा जारी अधिकृत वेबसाइट से ही अपनी टिकट बुक करें। अन्य वेबसाइट या इस प्रकार से टिकट उपलब्ध कराने का झांसा देने वालों के फेर में न पड़े।

## 17 तक के लिए बुकिंग फुल, 18-27 मई की यात्रा के लिए बुक कर सकेंगे टिकट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

केदारनाथ हेली सेवा के लिए 10 दिन की टिकट बुकिंग शुरू हो जाएगी। इसके लिए आईआरसीटीसी का पोर्टल 12 बजे खुलेगा। केदारनाथ यात्रा करने वाले तीर्थयात्री पोर्टल से 18 से 27 मई के लिए हेली टिकटों की बुकिंग कर सकेंगे। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के सीईओ सी. रविशंकर ने बताया कि केदारनाथ हेली सेवा के टिकटों की बुकिंग का स्लॉट बढ़ाया गया है।

केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों के लिए मशीनरी और अन्य निर्माण सामग्री सेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से पहुंचाई गई थी। इसी कारण हेली सेवा का संचालन प्रभावित रहा। इसे देखते हुए वर्तमान में यात्रा से छह दिन पहले प्रतिदिन टिकटों की बुकिंग की जा रही है, लेकिन अब यात्रियों की सुविधा के लिए 10 दिन के लिए खोला जाएगा। इसमें यात्री 18 से 27 मई तक की यात्रा के लिए हेली टिकट ऑनलाइन बुक कर सकते हैं। आने वाले समय में बुकिंग स्लॉट को और भी बढ़ाया जाएगा। सीईओ ने बताया कि 17 मई तक केदारनाथ हेली सेवा की बुकिंग फुल हो चुकी है।



## संक्षिप्त खबरें

कर्नाटक की जीत पर कांग्रेसियों ने जताई खुशी

ऋषिकेश। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। कांग्रेसियों ने आतिशबाजी कर मिठाई बांटी और जय बजरंगबली के नारे लगाए। रविवार को ढालवाला चौक पर इंटक और नगर कांग्रेस के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने जय बजरंगबली के नारे लगाकर आतिशबाजी की। इंटक के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक भट्ट ने कहा कि कर्नाटक में मिली ऐतिहासिक जीत कांग्रेस के लिए संजीवनी बूटी का काम करेगी। कर्नाटक की जनता ने भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता के खिलाफ वोट किया है। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर खरोला ने कहा कि अब देश की जनता समझ चुकी है कि जनविरोधी मोदी सरकार के पास विकास का कोई मुद्दा नहीं है। आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता मोदी सरकार के खिलाफ वोट करेगी। खुशी जताने वालों में दिनेश सकलानी, दिनेश भट्ट, अजय रमोला, विनोद सकलानी, अनिल रावत, सर्वेंद्र कंडियाल, शिवम भट्ट, अमित तडियाल, सचिन सेलवान, दलवीर रावत, सुरेंद्र भंडारी, अनीता कोटियाल, प्रमिला बिजल्वाण, सरस्वती जोशी आदि उपस्थित रहे।

### बढ़ती गर्मी के साथ लच्छीवाला पर्यटकों से गुलजार

ऋषिकेश। गर्मी बढ़ते ही लच्छीवाला नेचर पार्क भी सैलानियों से गुलजार रहने लगा है। यहां कुछ दिनों से लगातार पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। लच्छीवाला में वीकेंड के दिनों में 1400 से अधिक व अन्य दिनों में 600-700 सैलानी पहुंच रहे हैं। वीकेंड के दिनों में नेचर पार्क की आमदनी एक लाख पार हो रही है। आम दिनों में आमदनी पचास हजार से ऊपर जा रही है। पार्क में एक व्यक्ति का शुल्क 80 रुपये है, वहीं चार पहिया वाहन का 25 और दुपहिया वाहन का 15 रुपये शुल्क है। नाइट वाटर फाउंटेन का शुल्क 100 रुपये है। पर्यटक यहां नेचर पार्क में बोटिंग का लुफ्त भी उठा रहे हैं। लच्छीवाला नेचर पार्क में म्यूजियम भी बनाया गया है। यहां उत्तराखंड की पौराणिक चीजें रखी गई हैं। बच्चों के लिए नेचर पार्क में झूले लगाए गए हैं।

### आईसीएसई इंटर परीक्षा की प्रदेश टॉपर बनी तीस्ता द्विवेदी

-भारतीय विदेश सेवा में जाना चाहती हैं तीस्ता

ऋषिकेश। आईसीएसई इंटर परीक्षा की उत्तराखंड टॉपर ऋषिकेश निवासी तीस्ता द्विवेदी भारतीय विदेश सेवा में जाकर देश की सेवा करनी चाहती हैं। तीस्ता द्विवेदी ने परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। वेल्हम गर्ल्स स्कूल देहरादून में पढने वाली तीस्ता के माता-पिता ऋषिकेश के प्रसिद्ध डॉक्टर है। तीस्ता ने इतिहास, साइकोलॉजी में 100 में से 100 अंक पाये हैं। उन्हें अंग्रेजी में 99, पॉल्टिकल सांइस में 97 अंक मिले है। उत्तराखंड में टॉप आने का श्रेय वह अपने माता-पिता और गुरुजनों को देतीं हैं। तीस्ता की माता डॉ. गीतिका द्विवेदी और पिता डॉ. हरीश द्विवेदी बताते हैं कि तीस्ता ने कक्षा 5 तक ऋषिकेश स्थित ओंकारानंद स्कूल से पढाई की। इसके बाद वह वेल्हम गर्ल्स स्कूल में पढ़ाई कर रही हैं। डॉ. हरीश द्विवेदी बताते हैं कि वह प्रतिदिन सात से आठ घंटे पढ़ाई करती थीं। तीस्ता भारतीय विदेश सेवा में जाना चाहती हैं। ऋषिकेश की बेटी तीस्ता के उत्तराखंड टॉपर आने पर क्षेत्रवासी खासे उत्साहित है। उनका कहना है कि बेटी ने ऋषिकेश का नाम रोशन किया है।

### वीकेंड पर लडख़ड़ाती रही ट्रैफिक व्यवस्था

ऋषिकेश। यात्रा सीजन में लागू नया ट्रैफिक प्लान भी वीकेंड पर जाम से निजात नहीं दिला पा रहा है। रविवार को लंबे जाम से तीर्थनगरी हांफती रही। हरिद्वार-ऋषिकेश हाईवे पर कोयलघाटी तिराहे से मुनिकीरेती, तपोवन तक जगह-जगह जाम लगने से वाहन सरक सरककर आगे बढ़ते नजर आए। प्रत्येक तिराहे और चौराहे पर मुस्तैद पुलिस और होमगार्ड के जवान लडख़ड़ाती ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने के लिए खासी मशक्कत करते दिखे। लेकिन, लगातार वाहनों के दबाव के चलते जाम की दिक्कत कम नहीं हुई। एक दिन पहले शनिवार को शहर में जाम की समस्या कम रही, लेकिन रविवार को पर्यटक वाहनों का दबाव बढने से नया ट्रैफिक प्लान ध्वस्त हो गया। ऋषिकेश-हरिद्वार हाईवे पर सुबह से ही हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश के वाहनों का दबाव रहा। इससे लोगों को जगह-जगह जाम का सामना करना पड़ा। कोयलघाटी तिराहा, पीडब्ल्यूडी तिराहा, घाट चौक, चंद्रभागा पुल तिराहा, कैलासगेट, शिवानंद गेट मुनिकीरेती, तपोवन से लेकर ब्रह्मपुरी तक यातायात बाधित रहा।

# मां जगदीशिला डोली यात्रा का श्रीनगर पहुंचने पर भव्य स्वागत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर गढ़वाल। 24वीं भगवान विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली यात्रा का श्रीनगर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया किया गया। इस दौरान लोगों ने भगवान विश्वनाथ एवं मां जगदीशिला के जयकारे लगाए। यात्रा का रात्रि पड़ाव कमलेश्वर मंदिर में रहा। रविवार को सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु कमलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान विश्वनाथ मां जगदीशिला का आशीर्वाद लेने पहुंचे। कुमाऊं मंडल के भ्रमण से श्रीनगर के कमलेश्वर महादेव मंदिर में रात्रि विश्राम के लिए पहुंची डोली रथ यात्रा के संयोजक पूर्व शिक्षा मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 24वीं डोली रथयात्रा इस बार उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों के भ्रमण के साथ-साथ प्रदेश के चारों धामों का दौरा

## उत्तराखंड में हों हजार धामों की स्थापना: नैथानी

करेगी। उन्होंने कहा कि डोली रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति स्थापना के साथ विश्व कल्याण और उत्तराखंड में हजार धामों की स्थापना करना है। कहा उत्तराखंड में कई धार्मिक स्थल ऐसे हैं जो सिद्धपीठ होने के साथ ही प्रचार-प्रसार से दूर हैं। इसके लिए इन्हें धामों के रूप में स्थापित करना जरूरी है। साथ ही यात्रा का उद्देश्य प्रदेश में तीर्थाटन एवं पर्यटन स्थल विकसित करना है। कहा यात्रा का समापन गंगा दशहरा के दिन टिहरी के घनसाली ब्लाक के हिन्दाव पट्टी के विशोन पर्वत पर समारोहपूर्वक होगा। इसमें हजारों भक्त मां जगदीशिला डोली का विसर्जन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष रुप सिंह बजियाला, एलपी नैथाणी, कुंवर सिंह राणा, रघुवीर सिंह नेगी पश्वा जगदी, हुकम सिंह कैंतुरा, उदयराम चमोली, डोली वाहक मनोज राणा, परमवीर सिंह पवार, भगवान सिंह चौहान, महावीर सिंह राणा, श्यामलाल और धनी लाल आदि उपस्थित रहे। यात्रा विश्राम की व्यवस्थाओं में बीरेंद्र सिंह नेगी, लाल सिंह नेगी, प्रो. बीपी नैथानी, कांग्रेस कीर्तिनगर ब्लाक अध्यक्ष रघुवीर सिंह भण्डारी, जिलाध्यक्ष उत्तम असवाल, आशीष पंवार, अमित नेगी, अवतार सिंह नेगी, बीरेंद्र सिंह राणा, डा.गांधी चौहान, लक्ष्मी प्रसाद भट्ट, कमलेश्वर मन्दिर के महन्त श्री आशुतोष जी महाराज 108 आदि ने सहयोग दिया।


## लोक अदालत में 335 वादों का सुलह-समझौते कर निस्तारण किया

नई टिहरी। जनपद के जिला न्यायालय, वाहय न्यायालयों व राजस्व न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 335 वादों का निस्तारण कर 2.21 करोड़ की धनराशि के सुलह समझौते किये गये। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व सीनियर जज आलोक राम त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला जज योगेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में जनपद की सभी अदालतों में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें वादों का निस्तारण सुलह-समझौतों के आधार पर किया गया। लोक अदालत के लिए गठित कुल सात बैचों के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला न्यायाधीश योगेश कुमार गुप्ता की बैंच ने कुल 5 वादों का निस्तारण 32.87 लाख रूपये के मामलों के सुलह-समझौते करवाये। कुटुम्ब न्यायालय के प्रदीप कुमार मणि की बेंच ने कुल 8 वादों का निस्तारण 8.77 लाख रूपये के वादों का निस्तारण करवाया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद कुमार बर्मन की बैंच ने कुल 65 वादों का निस्तारण 48.56 लाख रूपये के सुलह समझौते करवाये। सीनियर सिविल जज अविनाश कुमार श्रीवास्तव की बैंच ने कुल 12 वादों का निस्तारण 45.91 लाख रुपये के सुलह-समझौते करवाये। अपर सीनियर सिविल जज आफिया मतिन की बैंच ने कुल 27 वादों का निस्तारण 32.74 लाख रूपये के सुलह-समझौते करवाये।

## मदर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम में दी शानदार प्रस्तुतियां

पौड़ी। मदर्स डे पर आह्वान संस्था द्वारा जीवन उपलब्धि सम्मान समारोह व कीर्तन मंडली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 70 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कीर्तन मंडलियों ने शानदार कीर्तनों की प्रस्तुतियां दी। रविवार को प्रेक्षागृह में आयोजित जीवन उपलब्धि सम्मान समारोह व कीर्तन मंडली प्रतियोगिता में महिलाओं ने कीर्तनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। इस मौके पर मुख्य अतिथि महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कार्यक्रम की सराहना की। कहा कि राज्य की महिलाएं हर क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है।

# संपादकीय



## कांग्रेस को संजीवनी

कर्नाटक का जनादेश और स्पष्ट बहुमत कांग्रेस के पक्ष में रहा है। कांग्रेस को 135 और भाजपा को 65 सीटों पर जीत मिली है, जबकि जनता दल-एस मात्र 19 सीटों पर ही ठहर गया है। भाजपा और जद-एस दोनों की ताकत और आंकड़े कम हुए हैं। कांग्रेस बीती विधानसभा में 69 सीट पर ही रह गई थी। उसे 66 अधिक सीटें हासिल हुई हैं। भाजपा 118 सीट से घट कर 65 पर सिमट गई है। जद-एस को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है और वह 32 सीट से घट कर 19 तक लुढ़क आई है। कांग्रेस के लिए यह जनादेश 1989 के बाद सबसे विराट है, जब पार्टी के हिस्से करीब 43 फीसदी वोट पड़े हैं। यह वोट प्रतिशत भाजपा के 36 फीसदी से बहुत ज्यादा है। यकीनन यह कांग्रेस के हिस्से की 'संजीवनी' है, जिसे कर्नाटक के मतदाता लाए हैं। सोच लीजिए कि 'बजरंग बली' किसके साथ उपस्थित हैं! दरअसल जब चुनाव शुरू हुआ था, तभी से स्पष्ट 'अंडर करंट' कांग्रेस के पक्ष में था, लेकिन यह मूड बुनियादी तौर पर भाजपा-विरोधी था। इस बार जनता भाजपा के मंत्रियों और विधायकों को सबक सिखाना चाहती थी, लिहाजा 12 मंत्री चुनाव हारे हैं। माना जा रहा है कि यदि येदियुरप्पा भी भाजपा के मुख्यमंत्री-चेहरा होते, तो भी भाजपा की पराजय तय थी। भाजपा के विकल्प के तौर पर कांग्रेस को यह जनादेश हासिल हुआ है। कांग्रेस की जीत से ज्यादा महत्त्वपूर्ण भाजपा की पराजय और अंतर्कलह है, क्योंकि कर्नाटक ही दक्षिण में भाजपा की उम्मीद रहा है। उसे भाजपा का गढ़ नहीं माना जा सकता, क्योंकि पार्टी को कभी भी स्पष्ट जनादेश नहीं मिला। भाजपा के कई नेताओं और खासकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने येदियुरप्पा को कहा था कि वह उनके इलाकों में चुनाव प्रचार न करें। वे खुद संभाल लेंगे। नतीजतन येदियुरप्पा ने खुद को हाशिए पर कर लिया और सीमित प्रचार किया। कुछ लिंगायत बहुल इलाकों में वहां के जातीय नेताओं ने भी येदियुरप्पा से आग्रह किया कि वह उन इलाकों में प्रचार न करें, क्योंकि लिंगायत कांग्रेस को वोट देंगे। यह जनादेश से भी स्पष्ट हो रहा है कि लिंगायत अब भाजपा तक ही सिमटे हुए नहीं हैं। बहरहाल कांग्रेस के लिए यह जश्न की घड़ी है। अब देश के 4 राज्यों में कांग्रेस सरकारें होंगी। उनके अलावा बिहार, झारखंड और तमिलनाडु राज्यों की गठबंधन सरकारों में भी कांग्रेस एक घटक है। कमोबेश अब यह सार्वजनिक दावा करना छोड़ देना चाहिए कि भारत कांग्रेस-मुक्त हो सकता है।

## आईसीएसई बोर्ड में ऑल सेंट्स की पवनी नारंग ने किया नैनीताल टॉप

नैनीताल। आईसीएसई हाईस्कूल तथा आईएससी इंटरमीडिएट का परीक्षाफल रविवार को घोषित कर दिया गया है। नैनीताल शहर में आईसीएसई एवं आईएससी के तहत संचालित चार विद्यालयों का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा है। हाईस्कूल में ऑल सेंट्स कॉलेज की पवनी नारंग ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ नैनीताल टॉप किया। जबकि इंटरमीडिएट में सेंट मैरी कॉन्वेंट की शिवांशी बुधलाकोटी ने 97.5 फीसदी अंक हासिल कर शहर टॉप किया है। ऑल सेंट्स कॉलेज की प्रधानाचार्य किरन जरमाया ने बताया कि विद्यालय में 10वीं एवं 12वीं दोनों बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। 10वीं में पवनी नारंग 98 प्रतिशत अंकों के साथ पहले, आरूषि चंदोला 97 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे तथा दिव्यांशी चौधरी व कृष्णा गौरी रूवाली 96 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। जबकि अनन्या जगाती 95 प्रतिशत के साथ चौथे तथा जे शर्मा 95 फीसदी अंक प्राप्त कर पांचवें स्थान पर रहीं। वहीं 12वीं में गायत्री साह 97.3 अंकों के साथ पहले, खुशलीन कौर 97 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे तथा पलक कौर 96 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहीं। जबकि संभावी सिंह 95 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे तथा सौन्या बोहरा व अनन्या सिंह 93 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।

शेरवुड कॉलेज के प्रधानाचार्य अमनदीप संधू ने बताया कि विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। 68 छात्रों ने हाईस्कूल तथा 52 छात्रों ने इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। 10वीं में आदित्य राज 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ पहले, सारा के ग्रेवाल 93.8 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे तथा प्रज्ञ भसीन व शिक्ष बंसल 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। माधव पुगला ने 93 फीसदी अंक हासिल कर चौथा स्थान प्राप्त किया। 12वीं में वी वीरेंद्र 96 प्रतिशत अंकों के साथ पहले, सन्वी रॉय 93.5 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे तथा सिद्धार्थ एस राठौर 93 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहे।

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मो.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक : आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मो.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002 RNI No. : UT-THIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# संक्षिप्त खबरें

## मेयर ममगाई ने लिया पेयजल व्यवस्था का जायजा

ऋषिकेश। मेयर अनिता ममगाई ने चारधाम यात्रा को लेकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। कई जगहों पर सूखे नल मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल प्रभाव से जल संस्थान के अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कहा। रविवार को मेयर अनिता ममगाई ने चारधाम यात्रा के मद्देनजर पेयजल व्यवस्था का विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रा बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, त्रिवेणी घाट सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था देखी। व्यवस्थाओं से मेयर संतुष्ट नहीं दिखीं। उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों को सुधार के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मौसम पिछले तीन दिनों से बेहद गर्म होना शुरू हो गया है। ऐसे में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त होना बेहद जरूरी है। शहर में पानी की कोई कमी नहीं आनी चाहिए। मेयर ने कहा कि, भीषण गर्मी को देखते हुए आवश्यकतानुसार पानी का समय बढ़ाया जाएं। दूषित जलापूर्ति की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। जब तक निस्तारण न हो जाए तब तक जनता के लिए टैंकर के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही शहर में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर भी मेयर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर व्यवस्था में सुधार के लिए कहा। मौके पर जल संस्थान के अधिशासी अभियंता अनिल नेगी, अवर अभियंता पिंकी चंद, पार्षद अनीता रैना, विजय बडोनी, विनोद शर्मा, अनिल ध्यानी, प्रमोद शर्मा, पवन शर्मा, चेतन शर्मा, संदीप शास्त्री, विवेक गोस्वामी, राजकुमारी जुगलान, धीरेंद्र कुमार, ज्योति सहगल, गौरव सहगल, भूपेंद्र राणा, अशर्फी रणावत, अजय कालड़ा, रमेश अरोड़ा, निशु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## फुटबॉल खिलाड़ी के निधन पर शोक जताया

हल्द्वानी। हल्द्वानी निवासी उद्यमी व फुटबॉल खिलाड़ी रोहित भण्डारी का दिल्ली के अपोलो अस्पताल में हृदयघात से निधन हो गया। इस पर खेल प्रेमियों ने शोक जताया। न्यू यंग क्लब से जुड़े तमाम सदस्यों ने रविवार को दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। डॉ. प्रवींद्र रौतेला ने रोहित भंडारी को सामाजिक दायित्व व खेल को समर्पित व्यक्ति बताया। यहां रमेश शर्मा, शेखर त्रिपाठी, अनिल जोशी, संदीप जायसवाल, सुनील जोशी, पीएस अधिकारी, हरिओम कांडपाल, डॉ. एचएस भंडारी, सुरेश भंडारी, डॉ संजय जुयाल, आरएस रावत, गोपाल पिमोली, आरसी जोशी, डॉ. संजय पंत, सुभाष अरोड़ा, गिरीश पांडे, प्रकाश भट्ट, बीडी त्रिपाठी, डॉ. भुवन तिवारी, अनंतनीर शर्मा, जगदीश जोशी मौजूद रहे।

## कच्ची शराब के साथ शराब युवक को दबोचा

हल्द्वानी। बिंदुखत्ता क्षेत्र में देर शाम पुलिस ने कच्ची शराब के 45 पाउच के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। बिंदुखत्ता पुलिस चौकी प्रभारी गुरविंदर कौर ने बताया कि चौकी क्षेत्र के खुरियाखत्ता में चेकिंग अभियान के दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति भगवती मंदिर खुरियाखत्ता के पास कच्ची शराब बेच रहा है। पुलिस ने छापेमारी कर पवन नेगी पुत्र दीवान सिंह नेगी निवासी नम्बर आठ खुरियाखत्ता को शराब बेचते हुए पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 45 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## कर्नाटक में जीत पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

हल्द्वानी। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर मोहल्ला भवानीगंज क्षेत्र में अतिशबाजी व मिष्ठान वितरण किया। युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव एडवोकेट फैजुल हक़ ने कहा कि यह जीत सत्य की जीत है। साथ ही इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ कर्नाटक की जनता की जीत बताया। उन्होंने कहा कि 2024 में भी इसी तरह कांग्रेस पूरे देश में जीत हासिल करेगी। इस दौरान सभासद तनुज दुर्गापाल, सभासद मोहम्मद उस्मान, अमित कुमार विधानसभा अध्यक्ष रामनगर, सूरज प्रशाद विधानसभा महासचिव युवा कांग्रेस, विकास कुमार, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अब्दुल रहमान, यूनुस कुरैशी अल्पसंख्यक नगर अध्यक्ष कांग्रेस, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव एडवोकेट फैजुल हक़, जिला महासचिव युवा कांग्रेस चेतन पंत, खुर्शीद आलम, विकास नेगी, प्रवीण मनराल, गौरव हलसी, दीपक रावत आदि मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय दुर्गापुरी में मातृ दिवस मनाया

हल्द्वानी। प्राथमिक विद्यालय दुर्गापुरी में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को बच्चों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती वंदना से हुई। इस दौरान कला प्रतियोगिता, मां के लिए कविताएं और निबंध प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इसी विद्यालय के छात्र रहे सोनू पाल और अमित पाल रहे। उन्होंने बच्चों को उपहार दिए। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार सभासद नगरपालिका भुवन सिंह डंगवाल की ओर से दिए गए। इस दौरान सभासद भुवन डंगवाल, प्रधानाचार्या मीनाक्षी पाण्डेय, इंदु दीपक, ममता गोपाल, सरिता कंडारी आदि रहे।

## तीन तलाक पर मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी। पत्नी को तीन तलाक देने और मारपीट करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने पति सहित तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। नूर फातिमा पुत्री अलीमुद्दीन निवासी मोहल्ला मदर कॉलोनी महेशपुरा काशीपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 31 मार्च 2019 को समीर पुत्र मो. उमर निवासी रेलवे कॉलोनी रामनगर के साथ हुई थी। शादी के समय से ही उसका पति उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज करता और जान से मारने की देता था। आरोप है कि भाभी शमा परवीन, ननद शमीमा, पति तीनों मारपीट करने के साथ दहेज की मांग भी करते थे। शनिवार को उसके पति ने मारपीट कर उसे तीन तलाक़ दे दिया। उसने परिजनों के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मामले में पति समीर, भाभी शमा परवीन और नंद शमीमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## तीन संदेशों को लेकर भारत भ्रमण कर रहे दल का स्वागत

हल्द्वानी। भारत भ्रमण के लिए निकली तर्कशील सोसायटी पंजाब, हरियाणा की टीम का रविवार को रामनगर में साइंस फार सोसायटी ने स्वागत किया। व्यापार भवन में आयोजित जन मिलन कार्यक्रम में पंजाब तर्कशील सोसाइटी के एडवोकेट हरिंदर सिंह लाली ने बताया कि वह पिछले करीब 2 महीने से भूटान, नेपाल और भारत के 24 राज्यों की यात्रा करने के बाद उत्तराखंड पहुंचे हैं। यात्रा के दौरान वे लोगों को तीन संदेश दे रहे हैं। पहला कि अंधविश्वास छोड़कर जीवन में वैज्ञानिक चिंतन अपनाने, दूसरा आपस में धर्म-जाति के नाम पर झगड़ा नहीं करने और रोजगार, शिक्षा स्वास्थ्य आदि के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने, तीसरा शरीर और मन मस्तिष्क को स्वस्थ रखने का संदेश दे रहे हैं। तर्कशील सोसायटी अध्यक्ष डॉ. राजाराम ने कहा कि किसी भी बात पर विश्वास करने से पहले हमें उसे तर्क की कसौटी पर मापना चाहिए।

# मुख्यमंत्री धामी ने ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के रजत जयंती समारोह ग्राफेस्ट में प्रतिभाग किया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 15 मई : कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अपने भविष्य के लिये मेहनत करते हुए अपने सर्वोत्तम को प्राप्त करें, ऐसी मेरी कामना है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारतवर्ष नई-नई ऊँचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जी-20 की अध्यक्षता का सौभाग्य हमारे देश को प्राप्त हुआ है, यह हम सभी के लिये गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी जिसके तीन परिसर देहरादून, हल्द्वानी एवं भीमताल में हैं यह सभी संस्थान आज उच्च टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग के श्रेष्ठ केंद्रों के रूप में जाने जाते हैं। आज 30,000 विद्यार्थियों के साथ ग्राफिक एरा डीम्ड विश्वविद्यालय अपने 25 वर्ष पूर्ण कर चुका है। यह सभी संस्थान अपने शोध, नवाचार एवं अपने उच्च स्तरीय शिक्षण के लिए जाने जाते हैं और राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन्होंने अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष के प्रथम शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में इसका नाम शामिल होना अपने आप में इस बात का परिचायक है कि ग्राफिक एरा ने पिछले 25 वर्षों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री ने डॉ0 कमल घनशाला को इन उपलब्धियों के लिये बधाई देते हुए कहा कि यह प्रदेश के लिये बहुत ही गर्व की बात है कि उनके द्वारा ग्राफिक एरा मेडिकल कॉलेज एवं ग्राफिक एरा हॉस्पिटल को विकसित करके हजारों व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्रदान किये गये।







## पेंशन रथ यात्रा से पुरानी पेंशन बहाली को दबाव बनाएंगे कर्मचारी

देहरादून। पुरानी पेंशन बहाली को राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन देश भर में पेंशन रथ यात्रा निकालेगा। उत्तराखंड में भी इस यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। संगठन ने देश भर की सभी सरकारों को हिमाचल और कर्नाटक के चुनाव नतीजों से सबक लेने की नसीहत दी। कहा कि जो भी पार्टी पुरानी पेंशन बहाली का समर्थन करेगी, चुनाव में उसी को लाभ मिलेगा। संगठन की प्रांतीय कार्यकारिणी की धर्मपुर हुई बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली एक जून से चम्पारण बिहार से पेंशन रथ यात्रा शुरू होने जा रही है। इस रथ यात्रा का उत्तराखंड में भी जोर शोर से स्वागत किया जाएगा। बड़ी संख्या में कर्मचारी इसमें भाग लेंगे। कहा कि अब कर्नाटक राज्य में भी पुरानी पेंशन बहाली को सफलता मिलेगी। इसके साथ ही जल्द पूरे देश में पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल होगी। कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश के कर्मचारी शिक्षकों ने स्पष्ट कर दिया कि हम अपने मुद्दों के लिए सरकार को भी बदल सकते हैं। बैठक में प्रांतीय महामंत्री मुकेश रतूड़ी, प्रांतीय प्रचार मंत्री हर्षवर्धन जमलोकी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष शांतुन शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह रावत, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगमोहन रावत, सूर्य सिंह पंवार, दिशांत सिंह, अरविंद कुमार, राजीव मिश्रा, पंकज मिश्रा, अशोक मिश्रा, प्रशांत सिंह, अरुण सिंह, सुशील सिंह, पुष्पेंद्र पंवार, कपिल कुमार, मनोज जोशी, तारकेश्वर यादव, पुष्कर राज बहुगुणा, उर्मिला द्विवेदी, रुचि पैन्यूली, संतोष गढ़वी, संजीव गुसाईं, अनुराग चौहान, हेमलता कजालिया, देवेन्द्र फस्वाण, विकास शर्मा, रश्मि त्यागी, डी के त्यागी, गोपाल क्षेत्री, जेबीएस रौथाण, यूएस राणा, एसपी जोशी, एमएम जैसल, सुखदेव सैनी, मनोज चंद, मोहन रावत, मुकेश आदित्य आदि मौजूद रहे। एनएमओपीएस की मुहिम को गुरुटा ने भी अपना समर्थन दिया। गुरुटा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ रश्मि त्यागी रावत ने कहा कि कर्मचारियों को हर हाल में पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए। आंदोलन में संगठन के सदस्य, पदाधिकारी बढ़ चढ़ भाग लेंगे। जून में प्रस्तावित पेंशन रथ यात्रा की सफलता को भी हर संभव मदद की जाएगी।

## राज्य आंदोलनकारी मंच ने सुशीला बलूनी को दी श्रद्धांजलि

देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच ने वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी मातृ शक्ति रही स्व. सुशीला बलूनी की आत्मा शांति की प्रार्थना के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। कचहरी स्थित शहीद स्मारक में हुई श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता राज्य आंदोलन में उनकी सहयोगी रही पुष्पलता सिलमाना ने की, संचालन प्रदेश प्रवक्ता व जिला अध्यक्ष प्रदीप कुकरेती ने किया। ब्रिगेडियर केजी बहल, जगमोहन मेंहदीरत्ता, रविन्द्र जुगरान ने उस दौर में अपने अनुभवों में बताया कि किस प्रकार सुशील बलूनी कार्यालय बन्द करवाने से लेकर समर्थन जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थी। जगमोहन सिंह नेगी, ओमी उनियाल ने कहा कि प्रथम दिन से लेकर अपने अंतिम दिनों तक राज्य के प्रति संघर्षशील रही। रामेश्वरी बड़थ्वाल, मुन्नी खंडूड़ी, सरिता गौड़, प्रदीप कुकरेती, रामलाल खंडूड़ी, जयदीप सकलानी ने कहा कि उन्होंने कभी छोटे बड़े या जाति धर्म का भेद नहीं किया। उन्होंने स्व. सुशीला बलूनी को राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंतिम यात्रा की पहल करने पर राज्य सरकार का आभार जताया। मौके पर अशोक वर्मा, देवी गोदियाल, जबर सिंह पावेल, सुरेश नेगी, पूरण सिंह लिंगवाल, केशव उनियाल, आचार्य श्रीत सुंद्रियाल, आरिफ खान, द्वारिका बिष्ट, सुलोचना भट्ट, अरुणा थपलियाल, गुरदीप कौर, सरिता गौड़, ललित जोशी, नरेन्द्र नोटियाल, नरेश नेगी, चन्द्र किरण राणा, सुमित थापा, गौरव खंडूड़ी, पुष्कर राज बहुगुणा, प्रभात डंडरियाल, सतीश धोलाखंडी उपस्थित रहे।

## केदारनाथ में जोरदार बर्फबारी; जारी हुआ बारिश का अलर्ट, तीर्थयात्रियों से खास अपील

देहरादून। केदारनाथ में रविवार को ताजा बर्फबारी हुई। पुलिस ने मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं। पुलिस ने श्रद्धालुओं से छाता, रेनकोट और जरूरी दवाएं भी साथ रखने की भी सलाह दी है। पुलिस अधीक्षक (रुद्रप्रयाग) विशाखा अशोक भडाने ने केदारनाथ से एक क्लिप जारी की। इसमें मंदिर पर बर्फ गिरती नजर आ रही है। उन्होंने इस वीडियो संदेश में श्रद्धालुओं से मौसम की जानकारी लेने के बाद ही यात्रा की योजना बनाने की गुजारिश की। गौर करने वाली बात यह कि मई के महीने में केदारनाथ और बद्रीनाथ में लगातार हिमपात दर्ज किया गया है। मई महीने में केदारनाथ और बद्रीनाथ में इस तरह बर्फबारी का होना एक असामान्य घटना है। हालांकि, यह बर्फबारी तीर्थयात्रियों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। श्रद्धालुओं का मंदिर जाना जारी है। मालूम हो कि चार धाम यात्रा शुरू होने के बाद से एक महीने से भी कम समय में दोनों मंदिरों (केदारनाथ और बद्रीनाथ) में चार लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पहुंचे हैं। केदारनाथ मंदिर 25 अप्रैल को और बद्रीनाथ 27 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोला गया था। मौसम विभाग की मानें तो एक पश्चिमी विक्षोभ जम्मू-कश्मीर पर एक ट्रफ के रूप में मौजूद है। यही नहीं उत्तरी राजस्थान पर भी एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। साथ ही पूर्वी यूपी पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। मौसम का पूर्वानुमान जारी करने वाली निजी एजेंसी स्काईमेट वेदर की रिपोर्ट के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी हिमालय पर हल्की से मध्यम बारिश देखी जा सकती है। यही नहीं पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर बर्फबारी का पूर्वानुमान भी जताया गया है। हालांकि इसका असर मैदानी इलाकों पर नहीं देखा जा रहा है।

## केदारनाथ में जोरदार बर्फबारी; जारी हुआ बारिश का अलर्ट, तीर्थयात्रियों से खास अपील

देहरादून। केदारनाथ में रविवार को ताजा बर्फबारी हुई। पुलिस ने मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं। पुलिस ने श्रद्धालुओं से छाता, रेनकोट और जरूरी दवाएं भी साथ रखने की भी सलाह दी है। पुलिस अधीक्षक (रुद्रप्रयाग) विशाखा अशोक भडाने ने केदारनाथ से एक क्लिप जारी की। इसमें मंदिर पर बर्फ गिरती नजर आ रही है। उन्होंने इस वीडियो संदेश में श्रद्धालुओं से मौसम की जानकारी लेने के बाद ही यात्रा की योजना बनाने की गुजारिश की। गौर करने वाली बात यह कि मई के महीने में केदारनाथ और बद्रीनाथ में लगातार हिमपात दर्ज किया गया है। मई महीने में केदारनाथ और बद्रीनाथ में इस तरह बर्फबारी का होना एक असामान्य घटना है। हालांकि, यह बर्फबारी तीर्थयात्रियों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। श्रद्धालुओं का मंदिर जाना जारी है। मालूम हो कि चार धाम यात्रा शुरू होने के बाद से एक महीने से भी कम समय में दोनों मंदिरों (केदारनाथ और बद्रीनाथ) में चार लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पहुंचे हैं। केदारनाथ मंदिर 25 अप्रैल को और बद्रीनाथ 27 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोला गया था। मौसम विभाग की मानें तो एक पश्चिमी विक्षोभ जम्मू-कश्मीर पर एक ट्रफ के रूप में मौजूद है। यही नहीं उत्तरी राजस्थान पर भी एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। साथ ही पूर्वी यूपी पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। मौसम का पूर्वानुमान जारी करने वाली निजी एजेंसी स्काईमेट वेदर की रिपोर्ट के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी हिमालय पर हल्की से मध्यम बारिश देखी जा सकती है।